tापमान

अधिकतम 42.0 डिग्री
न्यूनतम 26.0 डिग्री

हरिभूमि
# रेवाड़ी भूमि
रोहतक, शुक्रवार 7 जून 2024


11 गांधीनगर जयपुर स्टेशन पर पुनर्विकास कार्य के कारण रेलमार्ग प्रभावित ...


12 रीजनल सेंटर में यूजी व पीजी कोर्सो के ऑनलाइन आवेदन शुरू

YADUVANSHI GROUP OF SCHOOLS
Affiliated to CBSE

यदुवंशी शिक्षा निकेतन

India's No. 1 SCHOOL Since-1995

यदुवंशियन रच रहे हर वर्ष नया इतिहास ....



715/720

Phenomenal Performer

OJAL RAO
D/o Sh. Vijender Rao

Incredible
RESULT NEET (UG) 2024
Heartiest Congratulations...

705/720

NIKITA YADAV
D/o Sh. Vikram Singh

701/720

HARSHITA
D/o Sh. Mr. Gopal

700/720


DEEPAK SHEKHAWAT
S/o Sh. Pawan Kumar

यदुवंशी की NEET में फिर वही रिकॉर्डतोड़ सफलता

Our Top Rankers
TOTAL Qualifiers More than 80% Students



| | | | | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 696/720 | 695/720 | 695/720 | 691/720 | 685/720 | 682/720 | 681/720 | 680/720 | 676/720 | 676/720 | 672/720 | 671/720 | 671/720 |
| KHUSHI YADAV D/o Sh. Surender Yadav | SHEENU D/o Sh. Yogeshwar | SHRIYA D/o Sh. Sandeep Kumar | NEHA D/o Sh. Jitender | MAMTA D/o Sh. Rajbir | MUSKAN D/o Sh. Ramesh Kumar | RIYA SHARMA D/o Sh. Jitender Kumar | KALPANA D/o Sh. Narender Singh | MUSKAN D/o Sh. Pawan Kumar | ANITA D/o Sh. Jagdish | RITIKA D/o Sh. Ranbir Singh | MANISHA D/o Sh. Ranveer Singh | KARISHMA D/o Sh. Vikas |



| | | | | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 670/720 | 666/720 | 666/720 | 666/720 | 665/720 | 665/720 | 661/720 | 661/720 | 658/720 | 653/720 | 651/720 | 648/720 | 646/720 |
| MANISH KUMAR S/o Sh. Ramesh Kumar | CHETNA D/o Sh. Vikram Singh | DEEPIKA JANGIR D/o Sh. Mahesh Kumar | ISHIKA D/o Sh. Sunil Kumar | ASHA KUMARI D/o Sh. Ramesh Kumar | ARCHI YADAV D/o Sh. Ashok Yadav | NIHARIKA D/o Sh. Jaldeep Yadav | TANISHA SHARMA D/o Sh. Gulab Singh | SONAL D/o Sh. Mukesh | YOGITA D/o Sh. Man Phool | HARSHITA BANSAL D/o Sh. Lalit Kumar | PAYAL KUMARI D/o Sh. Krishan Kumar | NEERU D/o Sh. Narendra |



| | | | | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 641/720 | 635/720 | 628/720 | 625/720 | 621/720 | 615/720 | 613/720 | 612/720 | 609/720 | 608/720 | 604/720 | 602/720 | Cat. Rank |
| NIKHIL S/o Sh. Manmohan | NISHU D/o Sh. Gajender Singh | PRIYA D/o Sh. Naresh Sharma | TANUSHKA SAINI D/o Sh. Sher Singh Saini | VISHWJEET S/o Sh. Ashok Kumar | ANKITA D/o Sh. Rajesh Kumar | NAVEEN KUMAR S/o Sh. Krishan Kumar | PRIYANKA D/o Sh. Manoj Kumar | SANGEETA D/o Sh. Satish Kumar | RIYA D/o Sh. Ajay | JYOTI D/o Sh. Naresh Kumar | PAYAL YADAV D/o Sh. Roshan Lal Yadav | AVINASH S/o Sh. Vinod Kumar |

& Many More

- ट्यूशन फीस में छूट के लिए स्कूल में संपर्क करें, कक्षा 9th to 12th में प्रवेश के लिए 90% या अधिक अंक पाने वाले विद्यार्थियों को 100% तक की छूट (Need Based)।
- हॉस्टल में रहकर NEET/IIT की तैयारी करने वाले सभी विद्यार्थियों (Regular/Passout) को मिलेगा CHAIRMAN's SCHOLARSHIP का सीधा लाभ (All Free)।



ADMISSIONS Open
For classes IX to XII 2024-25
AC Hostel Facility for Boys & Girls.

100% SCHOLARSHIP for students who secured 90% & above in Board & School Exams

राव बहादुर सिंह
चेयरमैन, यदुवंशी ग्रुप एवं पूर्व विधायक

OUR CAMPUSES: Mahendergarh: 9466341799 I Narnaul: 9468061387 I Thanwas: 9050784050 I Dhani Mahu: 9050007943 I Jind: 9053905361 I Gurugram Sec.92 : 9053905384
Gurugram Sec.33: 9053905381 I Rewari: 8901167461 I Satnali: 9812330666 I Sohali (Rajasthan): 9991217659 I Kosli : 9053002458 I Hansi : 9053905366 I Kanina: 9053048100 I Mandola: 7027134134

www.yaduvanshigroup.edu.in

## खबर संक्षेप

### चार धाम यात्रा के लिए ई स्वास्थ्य धाम एप लांच

नारनौल। उत्तराखंड सरकार की ओर से चार धाम यात्रा के श्रद्धालुओं के स्वास्थ्य व सुरक्षा की देखभाल सुनिश्चित करने के लिए ई स्वास्थ्य धाम एप बनाई गई है। यह जानकारी देते हुए उपायुक्त मोनिका गुप्ता ने बताया कि चार धाम यात्रा पहले ही शुरू हो चुकी है। इस यात्रा के दौरान तीर्थयात्रियों की स्वास्थ्य स्थिति को ट्रैक करने के लिए यह एप लांच किया गया है। यह एप वर्तमान में चार धाम पंजीकरण पोर्टल से निर्बाध रूप से जुड़ा हुआ है। प्रत्येक भक्त इस एप पर पंजीकरण अपलोड जरूर करें।

### आईटीआई में दाखिले के लिए आवेदन आज से

**नारनौल।** राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान शहबाजपुर में आगामी सत्र 2024-25 में दाखिला हेतु सात जून से ऑनलाइन आवेदन आमंत्रित किए जाएंगे। ऑनलाइन आवेदन के लिए उम्मीदवार के पास अपना आधार, मोबाइल नंबर, ई-मेल आईडी एवं परिवार पहचान पत्र का होना अनिवार्य है। प्रधानाचार्य छत्रपाल ने बताया कि संस्थान में कुल 148 सीट है। जिसमें इलेक्ट्रीशियन की 20, फिटर 20, शीट मेटल 40 व कोपा 48, टर्नर की 20 सीटें शामिल है।

### पति-पत्नी को गाड़ी सवार ने मारी टक्कर

**मंडी अटेली।** कनीना-अटेली सड़क मार्ग पर अटेली बाईपास फ्लाईओवर को क्रॉस करते समय रेवाड़ी की तरफ से सर्विस रोड से आ रही आ रही राजस्थान नंबरों की एक कार ने बाइक सवार पति-पत्नी को टक्कर मारकर दी, जिससे वे घायल हो गए। कारिया निवासी भरपूर ने बताया कि गत दिवस सायं 5 बजे वह उसकी बाईक से सवार होकर वह और उसकी पत्नी अंजू अपने गांव कारिया से अटेली आ रहे थे। अटेली बाईपास कनीना फ्लाईओवर के नीचे रेवाड़ी की तरफ सर्विस रोड से एक सफेद रंग की गाड़ी गफलत व लापरवाही से चलाता हुआ आया और उसकी बाईक में सीधी टक्कर मार दी।

### ट्रक ने बाइक को मारी टक्कर, सवार की मौत

कनीना। कनीना-रेवाड़ी सड़क मार्ग पर हादसे में बाइक सवार एक युवक की दर्दनाक मौत हो गई। शौरभ वासी बुड़ौली ने पुलिस को दी शिकायत में कहा कि उसका छोटा भाई परिक्षित बाइक पर सवार होकर जा रहा था। कनीना में बेगराज पेट्रोल पंप के समीप पीछे से तेज गति से आ रहे एक ट्रक ने उनकी बाइक को टक्कर मार दी।

## जिला वैकल्पिक समाधान केंद्र में पॉक्सो एक्ट पर कार्यशाला का आयोजन

# पॉक्सो एक्ट में दोष सिद्ध होने पर कड़ी सजा का प्रावधान: वाधवा

पॉक्सो एक्ट के तहत नाबालिग लड़कों के साथ भी कोई अश्लील छेड़छाड़ होती है तो उसे भी अपराध की ही श्रेणी में माना जाता



रेवाड़ी। कार्यशाला में जानकारी देते सेशन जज। फोटो : हरिभूमि

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रेवाड़ी

जिला एवं सत्र न्यायाधीश एवं अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण गुरविंदर सिंह वाधवा के मार्गदर्शन तथा मुख्य न्यायिक दंडाधिकारी व सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण अमित वर्मा की देखरेख में वीरवार को जिला वैकल्पिक समाधान केंद्र में पॉक्सो एक्ट पर एक कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यशाला में मुख्य वक्ता अतिरिक्त जिला एवं सत्र न्यायाधीश व पॉक्सो विशेष न्यायालय जज लोकेश गुप्ता थे। कार्यशाला की अध्यक्षता गुरविंदर सिंह वाधवा डिस्ट्रिकट एवं सेशन जज व चेयरमैन जिला विधिक सेवा प्राधिकरण ने की। इस अवसर पर डिस्ट्रिकट एवं सेशन जज ने कहा कि पॉक्सो एक्ट के तहत न सिर्फ बालिकाओं बल्कि नाबालिग लड़कों के साथ भी कोई अश्लील छेड़छाड़ होती है तो उसे भी अपराध की ही श्रेणी में माना जाता है। यदि किसी व्यक्ति पर एक्ट के अंतर्गत दोष सिद्ध हो जाता है तो उसे अपराधी मानते हुए कड़ी सजा देने का प्रावधान रखा गया है। उन्होंने बताया कि आप या आपका कोई जानने वाला यौन शोषण का शिकार हुआ है तो आप एक्ट के तहत शिकायत दर्ज करा सकते हैं। उन्होंने अधिवक्ताओं, जिला न्यायवादी व अनुसंधान अधिकारियों से कहा कि वह अपना कार्य समय पर और सही तरीके से करें, जिससे पीड़ित को समय पर और उचित न्याय मिल सकें। इस मौके पर सीजेएम अमित वर्मा ने बताया कि बाल यौन शोषण एवं अपराध के प्रति लोगों में संवेदनशीलता जगाने के उद्देश्य से जिला विधिक सेवा प्राधिकरण समय-समय पर विभिन्न कार्यशाला का आयोजन करता रहता है ताकि जनसामान्य को इस तरह के अपराध के प्रति संवेदनशील बनाया जा सकें और ऐसे अपराधों कि तुरंत सूचना देने की प्रति जागरूक किया जा सकें। ऐसे अपराधों कि जानकारी न देना भी अपने आप में अपराध है। कार्यशाला में पॉक्सो मुकदमों में नियुक्त अनुसंधान अधिकारी, लीगल एड डिफेंस काउंसिल, अतिरिक्त जिला अटॉर्नी व जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के पैनल अधिवक्ता मौजूद थे। सीजेएम ने कहा कि किसी भी कानूनी सहायता के लिए महिलाएं ऑफिस के हेल्पलाइन नंबर 01274-220062 पर कॉल करके कोई भी कानूनी सहायता प्राप्त कर सकती हैं।

### यौन शोषण अपराध को लेकर जागृति बढ़ी

इस मौके पर अतिरिक्त जिला एवं सत्र न्यायाधीश व पॉक्सो विशेष न्यायालय के जज लोकेश गुप्ता ने कहा कि पॉक्सो एक्ट के बनने के 12 साल के बाद यह परिचर्चा इसलिए हो रही है, क्योंकि अपेक्षा के अनुरूप इस एक्ट का अनुपालन नहीं किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि दरअसल गरीबी ही नहीं, बल्कि मनौवैज्ञानिक पहलु भी बालकों के साथ लैंगिक अपराध का प्रमुख कारण है। सभी प्रण लें कि वह बच्चों के जीवन में बदलाव लाएंगे और अपनी-अपनी जिम्मेदारी संभालेंगे। उन्होंने बताया कि निर्भया कांड के उपरांत भारत में इस तरह के अपराध पर कानून बहुत सख्त हो गया है। 2018 में पोक्सो एक्ट में संशोधन करके 12 वर्ष से कम आयु के बच्चे के साथ यौन अपराध पर फांसी की सजा का प्रावधान किया गया है। 18 वर्ष से कम आयु के बच्चों के साथ यौन अपराध के लिए उम्रकैद की सजा दी जाती है और पोक्सो के अंतर्गत उम्रकैद की सजा का अर्थ आजीवन कैद है। हम सब सचेत रहकर अपने आस-पास रहने वाले बच्चों को सुरक्षा प्रदान कर सकते हैं।



रेवाड़ी। राव इन्द्रजीत की जीत होने पर लड्डू बांटते हुए समर्थक।

### मिठाई बांटकर जीत पर जताई खुशी

रेवाड़ी। गुरुग्राम लोकसभा क्षेत्र से भाजपा प्रत्याशी राव इंद्रजीत सिंह की जीत होने तथा एनडीए को तीसरी बार पूर्ण बहुमत मिलने पर भाजपा गांव खरसानकी में समर्थकों व ग्रामीणों ने मिठाई बांटकर खुशी जाहिर की। इस मौके पर समर्थकों ने कहा कि राव इन्द्रजीत सिंह पिछले 40 वर्षों से अधिक समय से बेदाग व निस्वार्थ भाव से राजनीति करते हुए क्षेत्र के लोगों की सेवा करते आ रहे हैं। जनाधार के मामले में प्रदेश के दिग्गज नेता ने एक बार फिर साबित कर दिया है कि इलाके में उनके मुकाबले कोई दूसरा बड़ा नेता नहीं है। वरिष्ठ नेता राव इंद्रजीत सिंह का दक्षिण हरियाणा के बड़े वोट बैंक पर आज भी वर्चस्व बरकरार है। इस अवसर पर रघुबीर सिंह, बीर सिंह, कैप्टन दयानंद यादव, अजीत पंच, रामानंद यादव, प्रवीण पंच, नवीन भारतीय नौसेना, विजय पंच, राकेश पंच, नरेंद्र यादव, जगत सिंह, बीर सिंह नंबरदार, सुनील पंच, कुलदीप, कपिल, हितेश, विपिन, प्रेम पंच, हिमांशु, हैप्पी एचआर, मोहित व ओमबीर मौजूद थे।



### समर्थकों ने राव इंद्रजीत की जीत का मनाया जश्न

रेवाड़ी। गुरुग्राम लोकसभा क्षेत्र से राव इंद्रजीत सिंह की जीत पर जगह-जगह जश्न का माहौल है। पूर्व उप जिला प्रमुख जगफूल यादव ने बावल हलके के झाबुआ गांव में कार्यकर्ताओं के साथ मिठाई बांटकर खुशी का इजहार किया। इस अवसर पर जगफूल ने कहा कि राव इंद्रजीत सिंह ने सदैव दक्षिणी हरियाणा के हक व अधिकारों की लड़ाई लड़ने का काम किया है। इस अवसर पर मनोज सरपंच, रमेश, मुकेश, अजीत, हमेश, चरण सिंह, मुसद्दी, बलवान पंच व नरेश झाबुआ मौजूद थे।

## सर्वोच्च नागरिक पुरस्कार के लिए 15 सितंबर तक आवेदन

- गणतंत्र दिवस पर की जाएगी पद्म विभूषण, पद्म भूषण व पद्मश्री की घोषणा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रेवाड़ी

डीसी राहुल हुड्डा ने बताया कि गणतंत्र दिवस 2025 के अवसर पर घोषित किए जाने वाले पद्म पुरस्कारों नामतः पद्म विभूषण, पद्म भूषण व पद्मश्री के लिए गृह मंत्रालय की ओर से ऑनलाइन नामांकन करने के लिए आवेदन आमंत्रित किए गए हैं, जिसके लिए अंतिम तिथि 15 सितंबर है। नामांकन अथवा अनुशंसा केवल राष्ट्रीय पुरस्कार पोर्टल अवार्ड.जीओवी.इन पर ऑनलाइन ही स्वीकार की जाएंगी। नामांकन करने वाले व्यक्ति को एक व्याख्यात्मक प्रशस्ति-पत्र अधिकतम 800 शब्द भी देना होगा, जिसमें अनुशंसित व्यक्ति की संबंधित क्षेत्र-विषय में विशिष्ट और अनन्य उपलब्धियों व सेवाओं का स्पष्ट उल्लेख हो। उन्होंने बताया कि महिलाओं, समाज के कमजोर वर्गों, अनुसूचित जातियों और अनुसूचित जनजातियों, दिव्यांग लोगों तथा समाज की निस्वार्थ सेवा करने वाले लोगों में से उन प्रतिभावान व्यक्तियों की पहचान के लिए मिलकर प्रयास किए जाए, जिनकी उत्कृष्टता और उपलब्धियां वास्तव में सम्मान की हकदार हैं।डीसी ने बताया कि कि पद्म पुरस्कार, अर्थात पद्म विभूषण, पद्म भूषण और पद्मश्री, देश के सर्वोच्च नागरिक पुरस्कारों में से हैं। वर्ष 1954 में स्थापित इन पुरस्कारों की घोषणा हर वर्ष गणतंत्र दिवस के अवसर पर की जाती है। यह पुरस्कार कला, साहित्य और शिक्षा, खेल, चिकित्सा, सामाजिक कार्य, विज्ञान और इंजीनियरिंग, सार्वजनिक कार्य, नागरिक सेवाओं, व्यापार और उद्योग जैसे सभी क्षेत्रों में विशिष्ट और असाधारण उपलब्धियों के लिए उत्कृष्ट-कार्य को मान्यता प्रदान करने के लिए प्रदान किए जाते हैं।

### पीएम राष्ट्रीय बाल पुरस्कार के लिए 31 जुलाई तक करें नामांकन

**रेवाड़ी।** डीसी राहुल हुड्डा ने बताया कि केंद्रीय महिला एवं बाल विकास विभाग की ओर से प्रधानमंत्री राष्ट्रीय बाल पुरस्कार के लिए 31 जुलाई तक नामांकन आमंत्रित किए गए हैं। इनमें राष्ट्रीय बाल पुरस्कार के तहत बहादुरी, खेलकूद, सोशल साइंस, विज्ञान एवं तकनीक पर्यावरण सहित आर्ट एवं कल्चर के क्षेत्र में असाधारण उपलब्धि हासिल करने वाले बच्चे, जिनकी आयु 31 जुलाई को 5 वर्ष से लेकर 18 वर्ष तक हो, उनको वर्ष 2025 के जनवरी माह में आयोजित होने वाले समारोह में राष्ट्रपति द्वारा पुरस्कृत किया जाएगा। उन्होंने बताया कि अवार्ड की घोषणा 26 दिसंबर को राष्ट्रीय वीर बाल दिवस के अवसर पर की जाएगी।

उन्होंने बताया किबाल पुरस्कार को दो श्रेणियों बाल वीरता पुरस्कार व बाल उत्कृष्टता पुरस्कार में विभाजित किया गया है। दोनों श्रेणियों में कुल 25 बच्चों का चयन किया जाएगा। उन्होंने बताया किदोनों ही पुरस्कारों में एक-एक लाख की राशि एवं एक मेडल सहित प्रशस्ति पत्र प्रदान किए जाएंगे।

## दीपेंद्र की जीत में हर कार्यकर्ता का योगदान: पाल्हावास

- कांग्रेस के प्रदेश प्रवक्ता ने ठोकी कोसली हलके से चुनाव लड़ने की ताल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रेवाड़ी



रेवाड़ी। अपने कार्यालय में पत्रकारों से बातचीत करते हुए अनिल पाल्हावास।

कांग्रेस के प्रदेश प्रवक्ता अनिल पाल्हावास ने कहा कि रोहतक से सांसद दीपेंद्र सिंह हुड्डा की रिकॉर्ड मतों से जीत में पार्टी के हर कार्यकर्ता ने जमकर पसीना बहाया है। उनकी जीत पार्टी के कार्यकर्ताओं की जीत है। इस बार वह कांग्रेस की टिकट पर चुनाव लड़ने की तैयारी कर रहे हैं। शीर्ष नेतृत्व की ओर से मौका दिया गया, तो वह हर हाल में कोसली हलके से चुनाव लड़ेंगे। वीरवार को पत्रकारों से बातचीत करते हुए अनिल पाल्हावास ने कहा कि इस बार कोसली हलके की जनता पहले से ही दीपेंद्र हुड्डा को जिताने का मन बना चुकी थी। मतदान तक लोगों में कांग्रेस प्रत्याशी के प्रति भारी उत्साह देखने को मिला था। कांग्रेस के सभी कार्यकर्ता एकजुट होकर प्रचार मैदान में मजबूती के साथ उतरे, जिस कारण इस बार भाजपा के तमाम प्रयास विफल साबित हो गए। दीपेंद्र की इस जीत में किसी नेता विशेष को श्रेय नहीं दिया जा सकता। उन्होंने कहा कि पार्टी के प्रदेश प्रभारी दीपक बाबरिया, पूर्व सीएम भूपेंद्र सिंह हुड्डा, प्रदेशाध्यक्ष उदयभान व सांसद दीपेंद्र हुड्डा सहित अन्य वरिष्ठ नेताओं ने उन्हें पूरा मान-सम्मान दिया है। वह भी कांग्रेस में शामिल होने के बाद पार्टी को हलके में मजबूती प्रदान करने की दिशा में लगातार प्रयास कर रहे हैं। लोकसभा चुनाव में उन्होंने हर बूथ पर पार्टी को मजबूती प्रदान करने की दिशा में सार्थक प्रयास किए। पार्टी के शीर्ष नेताओं की ओर से संकेत मिलने के बाद उन्होंने इस बार चुनाव लड़ने की तैयारी पूरी की हुई है। अगर पार्टी ने मौका दिया, तो वह इस हलके से चुनाव लड़ने के लिए पूरी तरह तैयार हैं।

### आईजीयू के समाज कार्य विभाग ने मनाया विश्व पर्यावरण दिवस

रेवाड़ी। इंदिरा गांधी विवि मीरपुर के समाज कार्य विभाग की ओर से विश्व पर्यावरण दिवस को चिह्नित करने के लिए भूमि पुनर्स्थापन, मरुस्थलीकरण रोकना और सूखा लचीलापन बनाना विषय के तहत गैर सरकारी संगठन, समुदाय एवं कंपनियों में पर्यावरण दिवस मनाया गया। कार्यक्रम विभागाध्यक्ष डा. विकास बतरा के मार्गदर्शन में हुआ। उन्होंने कहा कि वातावरण को स्वच्छ एवं शुद्ध बनाने के लिए अधिक से अधिक पौधे लगाएं। समाज कार्य की सहायक प्रो. डा. गीतिका मल्होत्रा ने कहा कि हम सभी को अपना कर्तव्य समझकर एक पौधा जरूर लगाना चाहिए। कार्यक्रम का उद्देश्य पर्यावरण और प्रकृति के बारे में जागरूकता पैदा करना, लोगों को प्रकृति का महत्व याद दिलाना और इसके मूल्य के लिए सम्मान किया जाना है। इस अवसर पर विभाग में पर्यावरण के संरक्षण, सुरक्षा और पुनर्स्थापना की प्रतिज्ञा के रूप में पोस्टर प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। महिला थाना एसएचओ अनिता कुमारी, एएसआई सुनीता कुमारी, एचसी सरेना, सुमन, एचजीएच विकास और अन्य स्टाफ ने मिलकर पौधारोपण किया । कार्यक्रम में रवि, यूथ रीच फाउंडेशन में मनजीत, शीतल, अंजलि, गौरव, श्वेता, राहुल, संजय लांबा व साहिल उपस्थित थे।



रेवाड़ी। कार्यक्रम में पोस्टर दिखाते बच्चे। फोटो : हरिभूमि

### भंडारे में किया प्रसाद ग्रहण



रेवाड़ी। सोलहराही शनि मंदिर में भंडारे का प्रसाद ग्रहण करते हुए। फोटो : हरिभूमि

### कार की चपेट में आकर एक व्यक्ति की मौत

रेवाड़ी। गांव कुमरोधा में सुबह सैर करने के बाद लौट रहे एक व्यक्ति को पीछे से आ रही एक तेज रफ्तार कार ने टक्कर मार दी, जिससे उसकी मौत हो गई। हादसे के बाद कार चालक मौके से फरार हो गया। सूचना के बाद पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर कार्रवाई शुरू कर दी है। कुमरोधा के निवासी रामकिशन सुबह अपने भाई मुखत्यार के साथ सैर करने निकला था। सैर करने के बाद दोनों घर की ओर लौट रहे थे। इसी दौरान पीछे से एक तेज रफ्तार कार ने रामकिशन को टक्कर मार दी, जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया। ग्रामीणों की मदद से उसके भाई ने उसे पहुंचाया, जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। हादसे के बाद कार चालक मौके से फरार हो गया।

### उम्मीदवारों को एक माह में जमा करना होगा चुनावी खर्च का ब्योरा

**रेवाड़ी।** लोकसभा आम चुनाव के चुनाव परिणाम 4 जून को मतगणना उपरांत घोषित किए जा चुके हैं। अब चुनाव लड़ने वाले उम्मीदवारों को 4 जून से एक माह के अंदर-अंदर अपने चुनावी खर्च का ब्योरा जिला निर्वाचन अधिकारी कार्यालय को जमा करना होगा। भारत निर्वाचन आयोग के अनुसार तय समयावधि में चुनावी खर्च का ब्यौरा न देने वाले उम्मीदवारों को भविष्य में चुनाव लड़ने के लिए अयोग्य घोषित किया जा सकता है। डीसी एवं जिला निर्वाचन अधिकारी राहुल हुड्डा ने बताया कि इस बार लोकसभा आम चुनाव के लिए चुनाव खर्च की अधिकतम सीमा 95 लाख रुपए प्रति उम्मीदवार तय की गई थी।

### सरपंचों को पहले की तरह दिए जाए तमाम अधिकार: लक्ष्मण



**रेवाड़ी।** विधायक दल की बैठक में कोसली विधायक लक्ष्मण सिंह यादव ने क्षेत्र की अनेकों मांगों के साथ-साथ ग्राम सरपंचों को पूर्व की भांति तमाम शक्तियां प्रदान करने, नंबरदारों के रिक्त पदों को भरने, आंगनबाड़ी व आशा वर्करों की तमाम मांगों को मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी के समक्ष रखा। मुख्यमंत्री नायब सिंह ने कोसली विधायकों की तमाम मांगों पर सकारात्मक रुख दिखाते हुए उनके समाधान की दिशा में शीघ्र कदम उठाने की बात कही। कोसली विधायक ने कहा कि ग्रामीण विकास सरकार की प्राथमिकताओं में है। सरपंचों को गांव के विकास पर खर्च करने वाली राशि की लीमिट तय करने व ऑनलाइन आवेदनों की प्रक्रिया में गांव का विकास प्रभावित हो रहा है। इसलिए सरपंचों को पहले की तरह उनकी तमाम शक्तियों को पुनः दिया जाए। साथ ही आमजन के अनेकों सरकारी कार्यों को पूरा कराने में अहम भूमिका निभाने वाले नंबरदारों के रिक्त पदों को तुरंत भरकर उनकी समस्याओं का समाधान करें। आंगनबाड़ी तथा आशा वर्करों की भी लंबित मांगों का यथासंभव जल्द पूरा करें।




रेवाड़ी। नेहरू पार्क में पौधारोपण करते हुए। फोटो : हरिभूमि

### नेहरू पार्क में किया पौधरोपण

रेवाड़ी। डालसा चेयरमैन गुरविंदर सिंह वाधवा के मार्गदर्शन में एक कदम मानवता की ओर संस्था की ओर से विश्व पर्यावरण दिवस पर चलाए जा रहे 5 दिवसीय पौधारोपण अभियान के तहत नेहरू पार्क में पौधरोपण किया गया। इस अवसर पर सीजेएम अमित वर्मा ने कहा कि पर्यावरण संरक्षण के लिए पौधारोपण अति आवश्यक है। प्लास्टिक व पॉलीथिन का प्रयोग न करें। पॉलीथिन पर्यावरण के लिए बेहद खतरनाक है। संस्था के अध्यक्ष राकेश भार्गव ने कहा पर्यावरण प्रदूषण एक बेहद चिंताजनक विषय है। यदि आज हम नही जागे तो इस से भी बुरे परिणाम देखने को मिल सकते है। संस्था संस्थापक प्रियंका यादव ने कहा कि वर्तमान में बढ़ता हुआ तापमान और भीषण गर्मी के कारण वृक्षों का अभाव है। हमें अधिक से अधिक पौधे लगाकर पर्यावरण संरक्षण की दिशा में कार्य करने होंगे। अधिवक्ता दिलबाग ने इस मुहिम में जुड़ने के लिए सभी का आभार जताया।

## सुहागिनों ने वट सावित्री का व्रत रखकर अपने पति की दीर्घायु की कामना की

# शनि जयंती पर मंदिरों में हुए धार्मिक अनुष्ठान, जागरण व भंडारे का आयोजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रेवाड़ी/नाहड़





रेवाड़ी। कृष्णा नगर के शनि मंदिर में हवन करते हुए व सोलहराही शनि मंदिर में शनिदेव की पूजा करते हुए। फोटो : हरिभूमि

वीरवार को शनि जयंती के अवसर पर जिले के शनि मंदिरों में धार्मिक अनुष्ठान व भंडारे का आयोजन किया गया। शहर के सोलहराही तालाब सेक्टर-1 स्थित में प्राचीन शनि मंदिर, बाला सराय शनि मंदिर व बड़ा तालाब स्तित शनि मंदिर में भंडारे व जागरण का आयोजन किया गया। सोलहराही शनि मंदिर में आयोजित जागरण में जोत प्रज्वलित करने के लिए नरेश बंसल, पवन बत्रा व लक्ष्मी देवी ने ज्योत प्रज्वलित की। देव जागरण एंड पार्टी और नंदिनी शर्मा ने शनि महाराज की महिमा का गुणगान किया और मनमोहक झांकी पेश की। इस मौके पर नवनीत सोनी, नरेश अरधाना, अनिल कुमार, प्रेम पंडित, मोनू पंडित, भुपेंद्र सैनी, विक्रम, राजेंद्र सिंघल पार्षद, हेमंत, मनीष, वैदिक पंडित मोनू, संगीता, मनोज डहीना वाल व केशव सहित अनेक श्रद्धालु मौजूद थे।

**नाहड़ में शनि जयंती पर हुआ कार्यक्रम:** कृष्णा नगर स्थित शनि मंदिर में शनि जयंती के उपलक्ष्य में वीरवार को हवन व भंडारे का आयोजन किया गया। रात्रि को जागरण का आयोजन किया गया। गत रात्रि मास्टर सुबे सिंह एंड पार्टी, मास्टर अशोक, अंजू बंजारन झज्जर, हिमांशी नारनौल व प्रमिला झज्जर ने जागरण में शनिदेव की महिमा का गुणगान किया। वीरवार प्रातः हवन किया गया। इसके बाद श्रद्धालुओं ने भंडारे का प्रसाद ग्रहण किया। इस अवसर पर दुष्यंत चेयरमैन, सुरेश देवी पूर्व जिला प्रमुख, कमेटी अध्यक्ष साधुराम, सिंह राम, सोमबीर, डा. सुनील, रविंद्र, राजू, सतबीर पटवारी, ओमप्रकाश, मास्टर राकेश, राजपाल व कृष्ण पंच आदि उपस्थित थे। वहीं सुहागिनों ने वीरवार को वट सावित्री का व्रत रखकर अपने पति की दीर्घायु की कामना की। सुहागिनों ने अपने घरों में ही सत्यवान सावित्री की कथा सुनी। व्रतियों ने वटवृक्ष की पूजा कर उसकी परिक्रमा की। शहर के मंदिरों में सुहागिनों का पूजा-अर्चना के लिए तांता लगा रहा।

## खबर संक्षेप

### घर से नकदी व जेवरात का सूटकेस चोरी

**कोसली।** सुधराना में चोर एक मकान से नकदी व जेवरात का सूटकेस चोरी कर ले गए। पुलिस शिकायत में कृष्ण कुमार ने बताया कि उसके घर से अज्ञात व्यक्ति सूटकेस चोरी कर ले गए। बाद में उसे पता चला कि सूटकेस एक बाजरे के खेत में पड़ा हुआ है। चोर सूटकेस से लगभग 10 हजार रुपये, सोने का मंगलसूत्र, कानों के टॉप्स व पाजेब निकाल ले गए। खाली सूटकेस को खेतों में फेंक दिया।

### मारपीट व धमकी देने के आरोपी गिरफ्तार

**बावल।** दुल्हेड़ा कलां में मारपीट करने और जाने से मारने की धमकी देने के तीन आरोपियों को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया। गांव में मारपीट मामले में पुलिस ने गत 29 अप्रैल को विभिन्न धाराओं के तहत केस दर्ज किया था। जांच के बाद पुलिस ने इस मामले में गांव निवासी विपुल, हिमांशु व मुकुल को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने तीनों आरोपियों को निजी मुचलके पर पुलिस बेल पर रिहा कर दिया। एक अन्य मामले में कोसली पुलिस ने गाहड़ा निवासी अनिल कुमार को गिरफ्तार किया है।

### पिता-पुत्र सहित तीन के साथ मारपीट

**कोसली।** मुंदड़ा में पिता-पुत्र सहित तीन लोगों के साथ मारपीट करने के आरोप में पुलिस ने तीन लोगों पर केस दर्ज किया है। पुलिस बयान में मुंदड़ा निवासी वेदप्रकाश ने बताया कि उसके गांव का अशोक, रघु व जखाला निवासी शिव शंकर ने उसके व उसके बेटे के साथ मारपीट की। इसी दौरान गांव निवासी निखिल बचाव कराने के लिए वहां आ गया। तीनों ने उसके साथ भी मारपीट करना शुरू कर दिया। इसके बाद वह धमकी देकर फरार हो गए। पुलिस ने केस दर्ज करने के बाद आरोपियों की तलाश शुरू कर दी।

### मारपीट करने व धमकी देने के आरोपी काबू

**बावल।** टांकड़ी में मारपीट करने और जान से मारने की धमकी देने के दो आरोपियों को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने पीड़त के बयान पर गत 16 अप्रैल को विभिन्न धाराओं के तहत केस दर्ज करने के बाद जांच शुरू की था। जांच के बाद पुलिस ने इस मामले में टांकड़ी निवासी जय चौहान और नारनौल के दयानगर निवासी महीपाल को गिरफ्तार कर लिया। बाद में दोनों आरोपियों को पुलिस बेल पर रिहा कर दिया गया।

### निर्माणाधीन मकान से फिटिंग सामान चोरी

**धारूहेड़ा।** सेक्टर-4 में चोर एक निर्माणाधीन मकान से करीब सवा लाख रुपये का बिजली की फिटिंग का सामान चोरी कर ले गए। हनुमान मंदिर के पास रहने वाले गौरव गुप्ता ने बताया कि वह सेक्टर में अपना मकान बना रहा है। बिजली की फिटिंग के लिए वह 1.5 लाख रुपये का सामान लाया था। सारा सामान निर्माणाधीन मकान में रखा हुआ था। करीब 25 हजार रुपये का सामान यूज कर लिया गया था। शेष सामान चोरी हो गया। सीसीटीवी फुटेज में एक व्यक्ति स्कूटी पर सामान ले जाते नजर आ रहा है।

### घर में घुसकर धमकी देने का आरोपी काबू

**बावल।** थाना कसोला पुलिस ने घर में घुसकर मारपीट करने और धमकी देने के मामले में एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने पीड़ित पक्ष के बयान पर गत 17 मई को विभिन्न धाराओं के तहत केस दर्ज करने के बाद जांच शुरू की थी। जांच के बाद पुलिस ने धोबीघाट मोहल्ला निवासी कुलदीप को गिरफ्तार कर लिया। जांच में उस पर लगाए गए आरोप सही पाए गए थे। पुलिस ने औपचारिकताएं पूरी करने के बाद उसे जमानत पर रिहा कर दिया।

### कोर्ट ने मारपीट करने के आरोपी भेजे जेल

**रेवाड़ी।** टींट गांव में मारपीट करने और जान से मारने की धमकी देने के दो आरोपियों को पुलिस ने गिरफ्तार करने के बाद जेल भेज दिया। पुलिस ने मारपीट में घायल व्यक्ति के बयान पर 2 जून को केस दर्ज करने के बाद जांच शुरू की थी। जांच के बाद पुलिस ने गांव निवासी योगेश और सुरेंद्र को गिरफ्तार कर लिया।

## उत्तर पश्चिम रेलवे पर संचालित रेल सेवाएं 8 व 9 जून को रहेंगी प्रभावित

# गांधीनगर जयपुर स्टेशन पर पुनर्विकास कार्य के कारण रेलमार्ग प्रभावित, छह ट्रेनें रद

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रेवाड़ी

गांधीनगर जयपुर स्टेशन पर पुनर्विकास कार्य प्रगति चल रहा है। इस दौरान गांधीनगर जयपुर स्टेशन पर एयर कोनकोर्स निर्माण कार्य के कारण रेल यातायात प्रभावित रहेगा। उत्तर पश्चिम रेलवे के मुख्य जनसम्पर्क अधिकारी कैप्टन शशि किरण ने बताया कि कार्य चलने के कारण उत्तर पश्चिम रेलवे पर संचालित रेलसेवाएं प्रभावित रहेगी। कार्य के कारण छह रेलसेवाएं रद, 4 रेलसेवाएं आंशिक रद व 11 ट्रेनों का मार्ग परिवर्तित रहेगा।

### प्रारंभिक स्टेशन से रद रेल सेवाएं

गाड़ी संख्या 20977 अजमेर-चंडीगढ रेलसेवा, गाड़ी संख्या 20978 चंडीगढ-अजमेर रेलसेवा, गाड़ी संख्या 22987 अजमेर-आगराफोर्ट रेलसेवा, गाड़ी संख्या 22988 आगराफोर्ट-अजमेर रेलसेवा, गाड़ी संख्या 09635 जयपुर-रेवाड़ी रेलसेवा तथा गाड़ी संख्या 09636 रेवाड़ी-जयपुर रेलसेवा 9 जून को रद रहेगी।

### प्रारंभिक स्टेशन से आंशिक रद रेलसेवाएं

गाड़ी संख्या 12414, जम्मूतवी-अजमेर रेलसेवा 8 जून को जम्मूतवी से प्रस्थान करके खातीपुरा तक संचालित होगी। यह रेलसेवा खातीपुरा-अजमेर स्टेशनों के मध्य आंशिक रद रहेगी। गाड़ी संख्या 12413 अजमेर-जम्मूतवी रेलसेवा 9 जून को अजमेर के स्थान पर खातीपुरा से प्रस्थान करेगी। यह रेलसेवा अजमेर-खातीपुरा स्टेशनों के मध्य आंशिक रद रहेगी। गाड़ी संख्या 12015 नई दिल्ली-अजमेर रेलसेवा 9 जून को नई दिल्ली से प्रस्थान करके खातीपुरा तक संचालित होगी। यह रेलसेवा खातीपुरा-अजमेर स्टेशनों के मध्य आंशिक रद रहेगी। गाड़ी संख्या 12016 अजमेर-नई दिल्ली रेलसेवा 9 जून को अजमेर के स्थान पर खातीपुरा से प्रस्थान करेगी। यह रेलसेवा अजमेर-खातीपुरा स्टेशनों के मध्य आंशिक रद रहेगी।

### प्रारंभिक स्टेशन से रीशेड्यूल रेलसेवाएं

गाड़ी संख्या 12988 अजमेर-सियालदेह ट्रेन 9 जून को अजमेर से अपने निर्धारित समय से 4 घंटे 30 मिनट देरी से प्रस्थान करेगी। गाड़ी संख्या 14716 जयपुर-हिसार रेलसेवा 9 जून को जयपुर से अपने निर्धारित समय से 40 मिनट देरी से प्रस्थान करेगी।

### प्रारंभिक स्टेशन से रेगुलेट रेलसेवाएं

गाड़ी संख्या 05537 डिब्रुगढ-दौराई स्पेशल रेलसेवा 8 जून को डिब्रुगढ से प्रस्थान करके कानोता स्टेशन पर 30 मिनट रेगुलेट रहेगी। गाड़ी संख्या 19566 देहरादून-ओखा स्पेशल रेलसेवा 9 जून को देहरादून से प्रस्थान करके खातीपुरा स्टेशन पर 30 मिनट रेगुलेट रहेगी।

### मार्ग परिवर्तित रेलसेवाएं

गाड़ी संख्या 14733 बठिण्डा-जयपुर रेलसेवा 8 जून को बठिण्डा से प्रस्थान करके परिवर्तित मार्ग रेवाड़ी-रींगस-जयपुर होकर संचालित होगी तथा मार्ग में अटेली, नारनौल, निजामपुर, डाबला, मांवडा, नीमकाथाना, कावंट, श्रीमाधोपुर, रींगस, चौमू सामोद एवं ढेहर का बालाजी स्टेशनों पर ठहराव करेगी। गाड़ी संख्या 14322 भुज-बरेली ट्रेन 8 जून को भुज से प्रस्थान करके परिवर्तित मार्ग फुलेरा-रींगस-रेवाड़ी होकर संचालित होगी एवं मार्ग में रींगस, नीमकाथाना व नारनौल स्टेशनों पर ठहराव करेगी। गाड़ी संख्या 14661 बाड़मेर-जम्मूतवी रेलसेवा 9 जून को बाड़मेर से प्रस्थान करके परिवर्तित मार्ग फुलेरा-रींगस-रेवाड़ी होकर संचालित होगी तथा मार्ग में रींगस, नीमकाथाना व नारनौल स्टेशनों पर ठहराव करेगी। गाड़ी संख्या 19408 वाराणसी-साबरमती रेलसेवा 8 जून को वाराणसी से प्रस्थान करके परिवर्तित मार्ग रेवाड़ी-रींगस-फुलेरा होकर संचालित होगी एवं मार्ग में रींगस, नीमकाथाना, नारनौल व फुलेरा स्टेशनों पर ठहराव करेगी। गाड़ी संख्या 20937 पोरबंदर-दिल्ली सराय रेलसेवा 8 जून को पोरबंदर से प्रस्थान करके परिवर्तित मार्ग फुलेरा-रींगस-रेवाड़ी होकर संचालित होगी एवं मार्ग में रींगस, नीमकाथाना व नारनौल स्टेशनों पर ठहराव करेगी। गाड़ी संख्या 14662 जम्मूतवी-बाड़मेर रेलसेवा 8 जून को जम्मूतवी से प्रस्थान करके परिवर्तित मार्ग रेवाड़ी-रींगस-फुलेरा होकर संचालित होगी एवं मार्ग में नारनौल, नीमकाथाना व रींगस स्टेशनों पर ठहराव करेगी। गाड़ी संख्या 14321 बरेली-न्यूभुज रेलसेवा 9 जून को बरेली से प्रस्थान करके परिवर्तित मार्ग रेवाडी-रींगस-फुलेरा होकर संचालित होगी तथा मार्ग में नारनौल, नीमकाथाना, रींगस स्टेशनों पर ठहराव करेगी। गाड़ी संख्या 14853 वाराणसी सिटी-जोधपुर ट्रेन 8 जून को वाराणसी सिटी से प्रस्थान करके परिवर्तित मार्ग भरतपुर-सवाईमाधोपुर-जयपुर होकर संचालित होगी तथा मार्ग में बयाना, गंगापुर सिटी, सवाईमाधोपुर व दुर्गापुरा स्टेशनों पर ठहराव करेगी। गाड़ी संख्या 12403 प्रयागराज-लालगढ रेलसेवा 8 जून को प्रयागराज से प्रस्थान करके परिवर्तित मार्ग आगरा कैंट-बयाना-सवाईमाधोपुर-जयपुर होकर संचालित होगी तथा मार्ग में बयाना, गंगापुर सिटी, सवाईमाधोपुर, दुर्गापुरा स्टेशनों पर ठहराव करेगी। गाड़ी संख्या 14864 जोधपुर-वाराणसी सिटी रेलसेवा 9 जून को जोधपुर से प्रस्थान करके परिवर्तित मार्ग जयपुर-सवाईमाधोपुर-भरतपुर होकर संचालित होगी तथा मार्ग में दुर्गापुरा, सवाईमाधोपुर, गंगापुर सिटी, बयाना स्टेशनों पर ठहराव करेगी। गाड़ी संख्या 12404 लालगढ-प्रयागराज रेलसेवा 9 जून को लालगढ से प्रस्थान करके परिवर्तित मार्ग जयपुर-सवाईमाधोपुर-बयाना-आगरा कैंट होकर संचालित होगी तथा मार्ग में दुर्गापुरा, सवाईमाधोपुर, गंगापुर सिटी व बयाना स्टेशनों पर ठहराव करेगी।

#### ग्यारह ट्रेनों का मार्ग बदला



रेवाड़ी। रेवाड़ी रेलवे स्टेशन से गुजरती ट्रेन। फोटो :हरिभूमि

#### दिल्ली-बांद्रा टर्मिनस स्पेशल ट्रेन का संचालन

रेलवे की ओर से गर्मियों की छुट्टियों में यात्रियों की सुविधा के लिए दिल्ली-बांद्रा टर्मिनस-दिल्ली स्पेशल रेलसेवा का संचालन किया जा रहा है। उत्तर पश्चिम रेलवे के सीपीआरओ कैप्टन शशि किरण ने बताया कि गाड़ी संख्या 04005 दिल्ली-बांद्रा टर्मिनस स्पेशल रेलसेवा 6, 8 व 10 जून को दिल्ली से रात 11:50 बजे रवाना होकर तीसरे दिन मध्य रात्रि 1:55 बजे बांद्रा टर्मिनस पहुंचेगी। इसी प्रकार गाड़ी संख्या 04006 बांद्रा टर्मिनस-दिल्ली स्पेशल रेलसेवा 8, 10 व 12 जून को बांद्रा टर्मिनस से सुबह 4 बजे रवाना होकर अगले दिन 6 बजे दिल्ली पहुंचेगी। रेवाड़ी में गाड़ी संख्या 04005 दिल्ली-बांद्रा टर्मिनस ट्रेन का आगमन रात्रि 1:38 व प्रस्थान 1:40 बजे रहेगा। इसी प्रकार गाड़ी संख्या 04006 बांद्रा टर्मिनस-दिल्ली ट्रेन का आगमन सुबह 3:55 व प्रस्थान 4 बजे रहेगा।

# ग्राहकों को लेकर दो पीजी संचालकों में ठनी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| धारूहेड़ा

■ पुलिस ने दोनों आरोपियों के खिलाफ केस दर्ज करने के बाद जांच शुरू

सेक्टर-6 में ग्राहकों को लेकर दो पीजी संचालकों के बीच खींचतान के चलते दो पीजी संचालकों ने एक पीजी संचालक के साथ जमकर मारपीट की। पुलिस ने दोनों आरोपियों के खिलाफ केस दर्ज करने के बाद जांच शुरू कर दी। पुलिस को दिए बयान में भिवानी के तोशाम निवासी प्रवीन ने बताया कि उसने सेक्टर-6 में पीजी किया हुआ है। आरोप लगाया कि जिस दिन से उसने पीजी शुरू किया है, पहले से पीजी चला रहे प्रीतम और मोहित उससे रंजिश रखने लगे हैं। यह दोनों उसे और उसके भाई सचिन को चार-पांच दिन से धमकी दे रहे थे। इन लोगों का कहना है कि वह दोनों उनके पीजी में रहने वाले लड़कों को अपने पीजी में ले जा रहे हैं। प्रवीन ने आरोप लगाया कि प्रीतम और मोहित अपने कुक और चार-पांच अन्य युवकों को लेकर आए। उसके साथ जमकर मारपीट की। उसके भाई और पीजी में रहने वाले लड़कों ने बचाव करते हुए उसे अस्पताल पहुंचाया। इन लोगों ने दोनों भाइयों को जान से मारने की धमकी दी है।

### मिनी बाल भवन बावल में ग्रीष्मकालीन शिविर 10 से

**बावल।** हरियाणा राज्य बाल कल्याण परिषद चंडीगढ़ के निर्देशानुसार जिला बाल कल्याण परिषद की ओर से 10 जून से मिनी बाल भवन बावल में ग्रीष्म कालीन शिविर का आयोजित किया जाएगा। दो माह तक चलने वाले इस शिविर में बच्चे निःशुल्क डांस प्रतिभा को निखार पाएंगे। जिला बाल कल्याण अधिकारी वीरेन्द्र यादव ने बताया कि 18 वर्ष से कम आयु के बच्चे अपना पंजीकरण 9 जून तक निःशुल्क मिनी बाल भवन बावल में करा सकते है। उन्होंने बताया कि शिविर का समय शाम बजे से 6 बजे तक होगा। शप्रत्येक प्रतिभागी को प्रमाण पत्र दिया जाएगा। शिविर में बच्चों को निःशुल्क डांस प्रशिक्षण दिया जाएगा।

# जमीनी विवाद को लेकर फायरिंग गोली लगने से महिला घायल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रेवाड़ी

मामड़िया अहीर में जमीनी विवाद को लेकर कुछ लोगों ने एक महिला के घर पर हमला कर दिया। एक युवक ने फायरिंग कर दी, जिससे गोली लगने से महिला घायल हो गई। गोली चलने से ग्रामीणों में हड़कंप मच गया। उसके भतीजे को भी मारपीट कर घायल कर दिया। पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ केस दर्ज करने के बाद जांच शुरू कर दी। अस्पताल में उपचाराधीन सुनीता देवी ने बताया कि बुधवार को वह अपने घर पर अकेली थी। उसका पति पिकअप लेकर कोसली गया हुआ था। बेटा व पुत्रवधु कंपनी गए हुए थे। गांव का सचिन एक स्कूटी और तीन बाइक पर 8-10 लोगों को लेकर उसके घर पहुंच गया। महिला का आरोप है कि सचिन ने उसके साथ गाली-गलौज करते हुए उस पर फायर कर दिया। गोली उसके दाएं कूल्हे पर लगी। इसी दौरान पड़ोस में रहने वाला उसका भतीजा संदीप वहां आ गया। इन लोगों ने उसके साथ भी मारपीट की। शोर मचाने और गोली की आवाज सुनकर आसपास के लोग वहां एकत्रित हो गए। इसके बाद आरोपी नांगल मूंदी की ओर भाग गए।

#### एक माह पूर्व हुआ था जमीन का बंटवारा

महिला ने पुलिस बयान में बताया कि उनकी गांव में सांझे की जमीन है। इस जमीन का बंटवारा करीब एक माह पहले ही हुआ था। इसके बाद सचिन और उसका भाई साहिल उनसे रंजिश रखने लगे थे। इन लोगों ने कुछ दिन पहले भी जान से मारने की धमकी दी थी, लेकिन बाद में पुलिस थाने में दोनों पक्षों के बीच समझौता हो गया था। ग्रामीणों ने उसे और संदीप को ट्रॉमा सेंटर में दाखिल कराया।

#### मौके से बरामद किया गया जिंदा कारतूस

डायल-112 पर कॉल करने के बाद पुलिस मौके पर पहुंच गई। पुलिस ने घटनास्थल एक जिंदा कारतूस और गोली का खोल बरामद किया है। पुलिस ने वीडियोग्राफी कराते हुए आरोपियों के खिलाफ हत्या के प्रयास और आर्म्स एक्ट के तहत केस दर्ज करने के बाद उनकी तलाश शुरू कर दी।

# छह महीने से बंद पड़े स्कूल भवन के निर्माण कार्य को शुरू कराने की मांग

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रेवाड़ी

जाट सायरवास गांव के ग्रामीणों ने वीरवार को सरकारी स्कूल के भवन निर्माण कार्य को चालू कराने के लिए भाजपा नेता सतीश खोला के माध्यम से मुख्यमंत्री नाम मांग पत्र भेजा है। जाट सायरवास के सरपंच आजाद सिंह, दयानंद नंबरदार, सुरेंद्र नंबरदार, करण सिंह पूर्व सरपंच, गोपीराम, हिम्मत सिंह, हरिप्रकाश, रणवीर सिंह, सुभाष चंद्र, धर्मपाल, सुरेश, मुकेश व राजेश ने मुख्यमंत्री नायब सैनी से सरकारी स्कूल के भवन निर्माण कार्य को जल्द चालू कराकर जल्द पूरा करने की मांग की है। उन्होंने बताया कि गांव के सरकारी स्कूल के भवन निर्माण का कार्य विनोद ठेकेदार द्वारा किया जा रहा है। कार्य की शुरूआत जनवरी 2022 में की गई थी, लेकिन पिछले 6 महीने से भवन निर्माण का कार्य बंद पड़ा है। कार्य को चालू करने के लिए ठेकेदार से बार-बार कहा गया, लेकिन ठेकेदार ने आज तक भवन निर्माण का कार्य शुरू नहीं किया है। ठेकेदार का कहना है कि उसका पेमेंट नहीं हो रहा है, जबकि एसडीओ का कहना है कि उसका पूरा पैसा दे दिया गया है। डा. खोला ने बताया कि एसडीओ की ओर से ठेकेदार को नोटिस दिए है, लेकिन फिर भी वह काम नहीं कर रहा है।



रेवाड़ी। मुख्यमंत्री के नाम डा. खोला को मांगपत्र सौंपते ग्रामीण। फोटो :हरिभूमि



रेवाड़ी। पुलिस गिरफ्त में आरोपी। फोटो :हरिभूमि

### लूट का आरोपी चार साल बाद चढ़ा पुलिस के हत्थे

**रेवाड़ी।** थाना कसोला पुलिस ने करीब चाल साल पहले हथियार के बल पर नकदी लूटने के एक आरोपी को गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की है। मामले के चार आरोपियों को पुलिस पहले ही गिरफ्तार कर चुकी है। आरोपी को कोर्ट में पेश करने के बाद जेल भेज दिया गया। राजस्थान के गांव छपरा निवासी शहजाद ने अपनी शिकायत में बताया था कि वह ट्रक चलाता है। 25 सितम्बर 2020 को वह अपने साथी फैसल, राशिद व जाहिद उर्फ लोनी के साथ शाहपुरा राजस्थान से ट्रक में सामान लेकर दासना यूपी जा रहा था। जब वह रात को करीब साढ़े 10 बजे एनएच-8 पर संगवाडी पुल के नजदीक पहुंचा तो एक ऑल्टो कार में सवार पांच युवकों ने गाड़ी आगे लगाकर ट्रक रुकवा लिया। उनमें से दो आरोपी ट्रक में चढ़ गए। हथियार दिखाकर आरोपी 22 हजार रुपये और दो मोबाइल फोन छीन ले गए। कसोला पुलिस ने केस दर्ज करने के बाद चार आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया था। एक आरोपी नूंह के बिसर अकबरपुर निवासी पुनीत तंवर फरार चल रहा था, जिसे पुलिस ने अब गिरफ्तार कर लिया।

### एटीएम में चोरी करने औजारों के साथ घुसा चोर

**रेवाड़ी।** एसबीआई के एटीएम पर एक युवक चोरी के इरादे से घुस गया। उसके पास चोरी करने के औजार भी थे। गार्ड ने उसे पकड़कर पुलिस के हवाले कर दिया। पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार करने के बाद पूछताछ शुरू कर दी। एसबीआई के ब्रांच मैनेजर हवासिंह ने पुलिस शिकायत में बताया कि एक व्यक्ति चोरी की नीयत से बैंक परिसर में घुस गया। गार्ड के पास आने के बाद वह एटीएम मशीन के पीछे छुप गया। गार्ड दीपचंद ने उसे मौके पर ही काबू कर लिया। उसके पास एक हथोड़ा, पेंचकश व चोरी करने का सामान था। पुलिस ने सूचना मिलने के बाद आरोपी को मौके पर जाकर गिरफ्तार कर लिया। उसकी पहचान लाधुवास निवासी अजय कुमार के रूप में हुई है। पुलिस ने उसके कब्जे से हथोड़ा, छैनी, पेंचकश और ब्लेड बरामद की हैं।

■ गार्ड ने पकड़कर पुलिस के हवाले किया

# महाराज रामगिरि ने शुरू की तपस्या



रेवाड़ी। तपस्या करते हुए रामगिरि महाराज। फोटो :हरिभूमि

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रेवाड़ी


जिले के गांव डूंगरवास के सती माता मंदिर में वीरवार से रामगिरि महाराज ने देश में सुख, समृद्धि व शांति के लिए ग्यारह दिन की तपस्या की शुरूआत की। प्रदीप पंच ने बताया की रामगिरि महाराज ने पिछली वर्ष 9 दिन की तपस्या की थी। ग्रामीणों ने बताया कि महाराज की क्षेत्र में अपनी अलग पहचान है। तपस्या के दौरान रोजाना महिला कीर्तन कार्यक्रम चलता रहेगा। इस मौके पर दिलेर, बलवान, मीनू, सोनू पंच, अनु, सज्जन, सुंदर, ईश्वर, वंश, अंकित, मोहित, संजय यादव, पवन, राकेश स्वामी, परमजीत, पंकज, सिलोचना, माया, सरला, राजेश, बबली, कोसिला, कपुरी, कैलाश, कमलेश, मुनेश व शकुंतला मौजूद थे।

**मौसम** रात को तेज आंधी से चरमराई बिजली व्यवस्था, दो-तीन दिन तक परिवर्तनशील बना रहेगा मौसम

# मौसम में बदलाव से हीटवेव का असर कम, तापमान में गिरावट से मिली राहत

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रेवाड़ी

मई माह के दूसरे पखवाड़ से लू के प्रकोप का सामना करन रहे लोगों को मौसम में बदलाव ने कुछ हद तक राहत दिलाने का काम किया है। आंधी और बादलों के साथ बौछारों ने तापमान में कमी ला दी है, जिससे हीटवेव का असर कुछ हद तक कम हो गया है। हवा में नमी का स्तर बढ़ने से उमस भरी गर्मी अभी भी लोगों के पसीने छुड़ा रही है। दो दिन से आसमान में आंशिक बादल छा रहे हैं। बुधवार को शाम के समय हल्की बौछारें गिरीं। रात को करीब 12 बजे तेज आंधी आई। वीरवार को सुबह से ही आसमान में घने बादल छाए रहे। इससे तापमान में गिरावट आई। लू का प्रकोप अन्य दिनों की अपेक्षा कुछ कम हो गया। अधिकतम तापमान 0.2 डिग्री सेल्सियस की कमी के साथ 42 डिग्री पर आ गया। रात के तापमान में 5 डिग्री सेल्सियस की कमी आई है। यह 26 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया है। इससे रात के समय भारी गर्मी से राहत मिली है। मौसम विभाग का अनुमान है कि दो-तीन दिन तक तेज आंधी और बौछारें गिरने का सिलसिला जारी रह सकता है। इससे तापमान में और कमी आएगी। हीटवेव के प्रकोप से कुछ दिनों तक राहत मिल सकती है। अभी तेज बरसात की संभावना नजर नहीं आ रही है। लू का प्रकोप भले ही कुछ कम हो गया, परंतु हवा में नमी बढ़ने से उमस भरी गर्मी जमकर परेशान करने लगी है।



रेवाड़ी। वीरवार सुबह आसमान में छाए बरसात के बादल। फोटो :हरिभूमि

#### कई फीडरों की बिजली रही बाधित

बुधवार देर रात आई तेज आंधी के कारण लगभग एक दर्जन फीडर बंद कर दिए गए या फिर ट्रिप हो गए। आंधी कम समय के लिए आई थी, जिस कारण ज्यादा नुकसान नहीं हुआ। बाद में निगम कर्मियों ने बारी-बारी से इन फीडरों को चालू करना शुरू किया। कुछ फीडर सुबह तक बंद रहे। मौसम में बदलाव के बाद बिजली की मांग में पांच लाख यूनिट तक की कमी आई है, जिससे पावर कटों से राहत मिली हुई है। इस समय किसान बरसात का इंतजार कर रहे हैं। अच्छी बरसात किसानों के लिए लाभकारी साबित हो सकती है।

### महावीर मार्ग पर लगाई छबील

**नारनौल।** गर्मी को देखते हुए महावीर मार्ग स्थित श्री प्राचीन हनुमान मंदिर परिसर में वार्ड पार्षद काशीराम सैनी, महेश भालोठिया, मंजू देवी की ओर से वीरवार को मीठे पानी की छबील लगाई। सुबह हनुमान जी को भोग लगाने के बाद बाजार में आवागमन करने वाले राहगीरों को मीठा-ठंडा पानी पिलाया गया।

**सूचना**

हम, शुभराम पुत्र श्री श्रीराम व सुनीता पत्नी श्री शुभराम निवासी ग्राम किशनपुरा, तहसील बावल, जिला रेवाड़ी बयान करते हैं कि हमारे पुत्र कपूर सिंह व उसकी पत्नी श्रीमती प्रियंका व विक्रम सिंह और पुत्रवधु पूनम हमारे परिवार के कहने सुनने से बाहर हैं। इसलिये हम इनको अपनी चल-अचल सम्पत्ति से बेदखल करते हैं। इनसे लेन-देन, व्यवहार करने वाला स्वयं जिम्मेवार होगा। हमारी व हमारे परिवार की कोई जिम्मेवारी नहीं होगी।

## खबर संक्षेप

### मारपीट मामलों में महिला सहित दो काबू

रेवाड़ी। पुलिस ने मारपीट करने और जान से मारने की धमकी देने के मामलों में दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है। थाना रामपुरा पुलिस ने 18 मई को घायल के बयान पर केस दर्ज किया था। इस मामले में पुसिल ने कालूवास निवासी मनीषा को गिरफ्तार करने के बाद पुलिस बेल पर रिहा कर दिया। थाना कोसली पुलिस ने 17 मई को दर्ज मामले में बिसोहा निवासी सुरेश को मारपीट के आरोप में गिरफ्तार किया है।

### धोखाधड़ी मामले में एक महिला गिरफ्तार

रेवाड़ी। कापड़ीवास निवासी एक महिला की शिकायत पर दर्ज किए गए धोखाधड़ी के मामले में पुलिस ने आरोपी महिला को गिरफ्तार कर लिया। राजबाला की शिकायत पर दर्ज किए गए केस में पुलिस ने पुलिस ने बैंक मैनेजर सहित कई लोगों को नामजद किया हुआ है। दो दिन पहले मामले के एक आरोपी नरेंद्र को गिरफ्तार किया गया था। अब इस मामले में मालपुरा निवासी कमला देवी को गिरफ्तार किया गया है। अभी कई अन्य आरोपियों की गिरफ्तारी होना शेष है।

### ट्रैक्टर की चपेट में आकर युवक की मौत

रेवाड़ी। गढ़ी बोलनी पर पत्थर मार्केट से वीरवार सुबह अपने गांव लौट रहे एक युवक की ट्रैक्टर की चपेट में आने से मौत हो गई। पुलिस ने ट्रैक्टर चालक के खिलाफ केस दर्ज करने के बाद उसकी तलाश शुरू कर दी।

राजस्थान के ढाणी नियला के रहने वाला योगेंद्र गढ़ी बोलनी रोड पर पत्थर मार्केट में काम करने के बाद वीरवार सुबह करीब 4 बजे अपने चचेरे भाई के साथ पैदल गांव डवाना जा रहा था। इसी दौरान पीछे से एक तेज रफ्तार आ रहे ट्रैक्टर ने उसे टक्कर मार दी। गंभीर रूप से घायल योगेंद्र को अस्पताल ले जाया गया, जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के बाद परिजनों के हवाले कर दिया।

## जिले की 10 सरकारी व 14 प्राइवेट आईटीआई में आज से शुरू होगी आवेदन प्रक्रिया

# रीजनल सेंटर में यूजी व पीजी कोर्सों के ऑनलाइन आवेदन शुरू

- अंतिम तिथि 21 जून है
- पांच जुलाई को लगेगी पहली मेरिट लिस्ट

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रेवाड़ी/नाहड़

भगत फूल सिंह महिला विश्वविद्यालय के दक्षिण हरियाणा में स्थित सरकारी महिला रीजनल सेंटर, कृष्ण नगर में नई राष्ट्रीय शिक्षा नीति के कोर्सों अनुसार दाखिले की ऑनलाइन आवेदन प्रक्रिया शुरू हो गई है। रीजनल सेंटर में यूजी कोर्स के लिए बीए ऑनर्स, बैचलर ऑफ फिजिकल सांइस ऑनर्स, बीकॉम तथा पीजी कोर्स के लिए एमए इंग्लिश और एमए पॉलिटिकल साइंस में दाखिलों के लिए ऑनलाइन रजिस्ट्रेशन प्रक्रिया 27 जून तक चलेगी। उसके बाद डाक्युमेंट की जांच की जाएंगी तथा प्रथम मेरिट सूची 5 जुलाई को प्रकाशित की जाएगी। द्वितीय मेरिट लिस्ट 10 जुलाई तथा तृतीय मेरिट लिस्ट 13 जुलाई को लगेगी। जिन छात्राओं का नाम मेरिट लिस्ट में आएगा, उनको ऑनलाइन फीस अगली मेरिट सूची से पहले भरनी होगी तथा अपने सभी ओरिजनल प्रमाण पत्र तथा उनकी सेल्फ अटेस्टेड कॉपी दाखिले के समय साथ देनी होगी। इसके बाद फिजिकल काउंसलिंग की चौथी मेरिट लिस्ट 16 जुलाई को प्रकाशित की जाएगी।

### जिले की 24 आईटीआई में आज से होंगे आवेदन



कौशल विकास एवं औद्योगिक प्रशिक्षण निदेशालय की ओर से आईटीआई में सत्र 2024-25 के लिए दाखिले का शेड्यूल जारी कर दिया गया है। जिले की सभी आईटीआई में भी 7 जून से रजिस्ट्रेशन की प्रक्रिया आरंभ हो जाएगी और यह प्रक्रिया 21 जून तक चलेगी। जिले में 10 सरकारी व 14 प्राइवेट आईटीआई में करीब 27 ट्रेड में 5500 सीटों पर दाखिले किए जाएंगे। औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थानों में इसके लिए हेल्प डेस्क भी लगाई गई है। पटौदी रोड आईटीआई के प्राचार्य सुनील कुमार यादव ने कहा कि विद्यार्थी अपने जरूरी कागजात तैयार रखे। विभिन्न दाखिले चरणों में मेरिट सीट अलॉटमेंट जारी करने के कार्यक्रम की सूचना वेबसाइट पर ही उपलब्ध होगी। प्रार्थियों को शैक्षणिक योग्यता, आरक्षण एवं स्थाई निवास इत्यादि मूल प्रमाण पत्रों की स्कैन प्रतियां दाखिला फार्म में अपलोड करनी होंगी। दाखिले के लिए प्रार्थियों के पास निजी ई-मेल आईडी, मोबाइल नंबर, परिवार पहचान पत्र और आधार कार्ड होना अनिवार्य है।



रेवाड़ी। कृष्ण नगर स्थित महिला रीजनल सेंटर। फोटो : हरिभूमि

### दाखिले से पहले रजिस्ट्रेशन कराना जरूरी



दाखिले के लिए छात्राएं लिंक पर आवेदन कर सकती है, जिसकी एससी व बीसी की रजिस्ट्रेशन फीस 125 रुपये और जरनल की फीस 500 रुपये है। रीजनल सेंटर के निदेशक प्रो. बलबीर सिंह ने बताया कि दाखिले से पहले रजिस्ट्रेशन करना जरूरी है। उसके पश्चात मेरिट लिफ्ट में नंबर आने पर ही फीस भरी जाएगी। निदेशक ने बताया कि छात्राओं की सुविधा के लिए रीजनल सेंटर में हेल्प डेस्क लगाई गई है, जिस भी छात्रा को कोर्स में अपना रजिस्ट्रेशन कराना है वह 27 जुलाई के बीच प्रमाण पत्र के साथ आकर अपना रजिस्ट्रेशन करा सकती है और यूजी कोसों में नई राष्ट्रीय शिक्षा नीति के अनुसार होने वाले दिाखलों से संबंधित पूरी जानकारी ले सकती है। रीजनल सेंटर में डा. अनिल कुमार, ज्योति, सनिता, मधुबाला, अंजू, बिन्द्रु, सविता, रविद्र, विरेन्द्र, आंनद, सुखबीर, जयभगवान, निर्मला व सुशीला जानकारी देने के लिए उपस्थित रहेंगे।



रेवाड़ी। राजा मित्रसैन को श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए। फोटो : हरिभूमि

## राजा मित्रसैन की पुण्यतिथि पर गोकलगढ़ में हुआ कार्यक्रम

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रेवाड़ी

राजा मित्रसैन अहीर को गोकलगढ़ स्थित समाधि पर बाकली, शक्कर व जला चढ़ाकर पुण्यतिथि पर याद किया गया। भाजपा के वरिष्ठ नेता डा. सतीश खोला व दर्जनों लोगों ने वीरवार को गांव गोकलगढ़ गांव में राजा मित्रसैन को नमन किया। इस अवसर पर डा. खोला ने कहा कि राजा मित्रसैन की वीरता गांव गोकलगढ़ समेत आस-पास के गांवों तक चर्चित हैं। पिछले कई सालों से ज्येष्ठ मास की अमावस्या को आस पास के गावों की सभी महिलाएं व पुरुष नए वस्त्रों में अपने-अपने हाथों में मिट्टी के करवे गेहूं व चने की बाकली और शक्कर भरकर राजा मित्रसैन की समाधि के पास जाकर श्रद्धांजलि अर्पित करते है और मित्रसैन की वीरता की गाथा सुनाते हैं। समय के साथ बहुत कुछ बदल गया, लेकिन सैकडों सालों से चली आ रही यह परंपरा आज भी कायम है।

राजा मित्रसैन के बारे में कहा जाता था कि वह जिधर भी बढ़ गया, वहां अपनी जीत का डंका बजाकर ही वापस लौटा था। सन 1770-80 में रेवाड़ी रियासत के राजा तुलसीराम की मृत्यु के बाद उनके बेटे मित्रसैन ने बागडोर संभाली। मित्रसैन ने अपने पराक्रम व वीरता से सीमाओं का विस्तार करना शुरू कर दिया।

1781 में जयपुर-रेवाड़ी रियासत सीमा पर बहरोड तथा कोटपुतली को जीतकर रेवाड़ी रियासत में मिलाया। नारनौल पर आक्रमण किया और विजय हासिल कर अपने राज्य में मिलाया। प्रोफेसर महावीर यादव की ओर से आयोजित कार्यक्रम में धर्मवीर पंच, लल्लू पंच, संदीप, बंटी, भजनलाल शर्मा, राकेश, किशन पंच, बिमला यादव पंच, सावित्री, रेखा व सुनीता सहित सैकडों ग्रामीण मौजूद थे।

### तीन सौ वर्षा से चली आ रही परंपरा

प्रोफेसर महावीर सिंह ने बताया कि राजा मित्रसेन की वीरता गांव गोकलगढ़ सहित पूरे अहीरवाल में चर्चित है। लगभग 300 सालों से ज्येष्ठ मास की अमावस्या को राजा मित्रसेन की समाधि पर श्रद्धांजली अर्पित करते है तथा महिलाएं समाधि के चबूतरे पर दीप जलाकर पूजा करती है। राजा मित्रसेन ने न केवल मराठों को हराया था, बल्कि उस समय के मुगल बादशाह शाहआलम को हराकर रेवाड़ी रियासत को स्वतंत्र बनाया था।

## होटल पर तीन युवकों का उत्पात, कारिंदे से मारपीट

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रेवाड़ी

- पुलिस के पहुंचने से पहले आरोपी वहां से फरार हो गए

रेलवे रोड के निकट बुधवार की रात तीन युवकों ने एक होटल पर तोड़फोड़ करते हुए कारिंदे के साथ जमकर मारपीट की। पुलिस के पहुंचने से पहले आरोपी वहां से फरार हो गए। पुलिस ने केस दर्ज करने के बाद उनकी तलाश शुरू कर दी। पुलिस को दर्ज शिकायत में होटल मैनेजर संजय बजाज ने बताया कि रात को करीब एक बजे उसके होटल पर तीन युवक आपस में झगड़ा करने लगे। होटल पर काम करने वाले एक कर्मचारी कमल ने बीच-बचाव करने का प्रयास किया, तो उसके सिर पर लोहे के सरिए से हमला कर दिया। इसके बाद उन्होंने होटल का सामान तोड़ना शुरू कर दिया। इसी बीच होटल मैनेजर ने पुलिस को सूचना दी। पुलिस के मौके पर पहुंचने से पहले ही आरोपी वहां से फरार हो गए। सिटी पुलिस ने तीनों के खिलाफ केस दर्ज करने के बाद उनकी तलाश शुरू कर दी।

## जखाला की आरती ने नीट में पाई सफलता

- स्कूल निदेशक चरण सिंह डागर ने बच्चों के उज्जवल भविष्य की कामना की तथा सभी अभिभावकों व अध्यापकों को बधाई दी


हरिभूमि न्यूज ▶▶ कोसली

गुड़ियानी स्थित एमबी स्कूल के विद्यार्थियों ने नीट परीक्षा उतीर्ण कर परचम लहराया है। स्कूल के प्रधानाचार्य सुरेंद्र सिवाच ने बताया कि विद्यालय की छात्रा आरती गांव जखाला ने परीक्षा में 720 में से 681 अंक हासिल कर विद्यालय एवं क्षेत्र का नाम रोशन किया है। छात्रा सानिया तुम्बाहेडी ने 621 अंक प्राप्त किए तथा अंजलि बाबेपुर सहित विद्यालय के पांच विद्यार्थियों ने नीट परीक्षा उतीर्ण की। स्कूल निदेशक चरण सिंह डागर ने बच्चों के उज्जवल भविष्य की कामना करते हुए सभी अभिभावकों व अध्यापकों को बधाई दी।



रेवाड़ी। छात्रा आरती को मिठाई खिलाते परिवार के लोग। फोटो : हरिभूमि

### मुस्कान ने नीट परीक्षा की उत्तीर्ण



रेवाड़ी। भाड़ावास रोड स्थित गांव जैतड़ावास निवासी मुस्कान ने नीट मेडिकल परीक्षा में सफलता पाई है। मुस्कान ने परीक्षा में उत्कृष्ट प्रदर्शन कर 720 में से 705 अंक प्राप्त करके अपने माता-पिता व क्षेत्र का नाम रोशन किया है। मुस्कान ने अपनी पढ़ाई केरला पब्लिक स्कूल से की हैं। मुस्कान ने अपनी सफलता का श्रेय अपने गुरुजनों व अपने माता पिता को दिया है। गांव के प्रबुद्धजनों ने मुस्कान को बधाई दी है।

